## एक नजर में

### स्मार्ट मीटर को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**भैंसदेही।** ब्लाक मुख्यालय पर कांग्रेस संगठन ने तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए, अनुविभागीय अधिकारी मरावी के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर के बिना सहमति के लगाने और बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच तथा पारदर्शिता अपनायें जाने की मांग की है। कांग्रेस संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रानू ठाकुर और कांग्रेस नेता रामू टेकाम तथा श्री व्यास के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ता और उपभोक्ताओं में जमकर आक्रोश देखा गया, उपभोक्ताओं का कहना है ,कि बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं ।वही विधुत प्रवाह के बाधित होने पर पुन: शुरू करने पर 350रुपये तक की पेनाल्टी न्याय संगत नहीं है, वहीं विधुत वितरण कंपनी के टैरिफ प्लान की भी जानकारी आम उपभोक्ता को नहीं होती है ।वहीं कांग्रेस नेताओ ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री पर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने और उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार थोपने जैसे आरोप लगाते हुए , समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी है ,कि समस्या का हल ना होने पर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी।

### अजा मोर्चा की जिला कार्यसमिति घोषित

बैतूल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार एवं अनुसूचित जाती मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार, संभागीय संगठन प्रभारी कांतदेवसिंह , जिला संगठन प्रभारी सुदर्शन गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से अनूसुचित जाती मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोर बरदे ने मोर्चा जिला कार्यसमिति की घोषणा की है। घोषित कार्यसमिति में मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटिल ( बिरूलबाजार), सुरेश गायकवाड (बैतूलबाजार), राजेश ढोलेकर (आमला ), अनिल मंडलेकर (बैतूल), अशोक बिसौने (चिल्लौर), जिला महामंत्री विवेक जावलकर (बडोरा), चंपालाल बडोदे( शाहपुर ), जिला मंत्री हेमराज नागले (सारनी), शिवपाल उबनारे (आमला), जितेन्द्र बेले (आमला), अंशुमन बचले (बैतूल), नितेश भुजवरे (घोडाडोंगरी ), जिला कोषाध्यक्ष विजय गायकवाड (आठनेर), सह कोषाध्यक्ष शारदा पाटिल (बैतूल), कार्यालय मंत्री सूरज मंदरे (बैतूल), सह कार्यालय मंत्री संतोष बडोदे ( सीमोरी भीमपुर), मीडिया प्रभारी नितीन खातरकर (आमला), सह मीडिया प्रभारी सचिन खातरकर (बैतूल), सोशल मीडिया प्रभारी गोलू चौकीकर (बगडोना), सह सोशल मीडिया प्रभारी सोनम पहाडे (मुलताई), सह सोशल मीडिया प्रभारी इंद्रकुमार बारसे (पाढर), जिला आई टी प्रभारी राजकुमार बिंझाडे (पाढर), सह आईटी प्रभारी राकेश अतुलकर (बैतूल), मन की बात प्रभारी सुनिल बिहारे (मुलताई) बनाया गया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पथरोट, लक्ष्मण भौरसे , ममता जगदीश कोगे, सुमन संदीप बिहारे और चोलाराम आठोले को बनाया है।

### पिछले 24 घंटे में औसतन 1.1 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 1.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 1 सितंबर प्रातः 8 बजे से 2 सितबर प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 7.8 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 0.0 मिमी, चिचोली में 3.0 मिमी, शाहपुर में 0.0 मिमी, मुलताई में 0.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 0.0 मिमी, आमला में 1.0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# विवि में प्राध्यापक भर्ती पर फिर संकट

## हाईकोर्ट पहुंचा मामला, दिसंबर तक लगेगा समय



**नागपुर, महानगर संवाददाता.** राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में कई वर्षों बाद शुरू हुई प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया अब फिर अटकने के आसार हैं. प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया के खिलाफ उच्च न्यायालय की औरंगाबाद खंडपीठ में याचिका दाखिल की गई है. ऐसे में विश्वविद्यालयों में चल रही भर्ती प्रक्रिया के दिसंबर तक पूरा होने को लेकर संशय पैदा हो गया है.

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में रिक्त सहायक प्राध्यापक, सहयोगी प्राध्यापक और प्राध्यापक पदों पर भर्ती को मंजूरी दी थी. गुणवत्तापूर्ण उम्मीदवारों के चयन के लिए इस बार भर्ती प्रक्रिया में नए मानदंड शामिल किए गए. इसमें शैक्षणिक, शोध एवं अध्यापन कार्य और साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने का प्रावधान किया गया. शुरुआत में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक, शोध एवं अध्यापन कार्य के लिए 80 और साक्षात्कार के लिए 20 अंक निर्धारित किए थे. विभिन्न संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानदंडों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया संचालित करने की मांग की. इसके बाद अंक विभाजन में बदलाव करते हुए 75-25 का फार्मूला घोषित किया गया. इस पर भी आपत्तियां आने के बाद फिर बदलाव कर 60-40 का फार्मूला निर्धारित किया गया ?.

**विवि में 70 से ज्यादा पदों पर भर्ती:** इसके अनुसार विश्वविद्यालयों को प्राप्त आवेदनों की छंटनी और पात्रता की जांच पूरी कर अब साक्षात्कार शुरू किए जा चुके हैं. वर्षों बाद विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ रही थी, लेकिन इसी बीच इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल होने से भर्ती प्रक्रिया का भविष्य अनिश्चित हो गया है. राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विवि में भी करीब 70 से अधिक पदों पर भर्ती होना है. भर्ती को लेकर सभी की नजरें लगी हु ?ई है ?, लेकिन एक के बाद एक अड़चने आने से मामला अब तक अटका हुआ है ?. ? ?उल्लेखनीय है कि विवि में टिचिंग वर्ग के करीब 150 से अधिक पद खाली है. यही वजह है कि सीएबबी शिक्षकों के भरोसे अध्यापन व्यव ?स्था चलाई जा रही है. ?

### दो फायर कर्मियों को सर्पदंश! मेडिकल में भर्ती, हालत स्थिर

**नागपुर, महानगर संवाददाता ?.** कलमना फायर स्टेशन में बुधवार सुबह प्रशिक्षण के दौरान दो प्रशिक्षणार्थियों को सांप के काटने की आशंका के बाद तत्काल शासकीय मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया ?. ? दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों ने दोनों को निगरानी में रखते हुए उपचार शुरू कर दिया है. मेडिकल से मिली जानकारी के अनुसार यश येडेकर (22) को बुधवार सुबह अस्पताल की कैजुअल्टी में लाया गया. उन्हें मेडिसिन यूनिट-3 के एमआईसीयू में भर्ती किया गया है. डॉक्टरों द्वारा सर्पदंश की आशंका को लेकर जांच की जा रही है.मरीज को एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) दिया गया है तथा अन्य आवश्यक उपचार जारी है. वहीं, अक्षय हेलिंगे (20) को भी सुबह कैजुअल्टी में लाकर मेडिसिन यूनिट-3 के वार्ड क्रमांक 23 में भर्ती किया गया. उनके मामले में अज्ञात जीव के काटने अथवा सर्पदंश की आशंका के साथ बेहोश होकर गिरने की घटना को लेकर जांच की जा रही है. उनकी भी हालत स्थिर है. जांच में व्होल ब्लड क्लॉटिंग टेस्ट (डब्ल्यूबीसीटी) निगेटिव आया है. उन्हें इलेक्ट्रोलाइट सुधार और लक्षणों के अनुसार उपचार दिया जा रहा है. अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों प्रशिक्षणार्थियों को फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है.

# संपत्ति कर न चुकाने पर जलापूर्ति बंद

**नागपुर.** मनपा के धंतोली जोन कार्यालय द्वारा संपत्ति कर बकाया रखने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी जब्ती और वारंट कार्रवाई शुरू कर दी गई है. धंतोली जोन के सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस सिलसिले में कर एवं कर निर्धारण विभाग द्वारा करोड़ों रुपये का संपत्ति कर बकाया रखने वाली 2 बड़ी संपत्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए.

बर्डी स्थित फॉर्च्यून मॉल पर वर्ष 2019 से वर्ष 2027 तक की अवधि का कुल 3.28 करोड़ से अधिक का संपत्ति कर बकाया था. बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी टैक्स का भुगतान न करने पर बुधवार को टीम ने कड़ा एक्शन लेते हुए मॉल का पानी का कनेक्शन काट दिया है.

**नक्षत्र हॉल पर जब्ती की कार्रवाई:** इसी तरह की दूसरी बड़ी कार्रवाई स्थित के.एस.एल. इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नक्षत्र हॉल) पर की गई. इस संपत्ति पर वर्ष 2019 से 2027 की अवधि का कुल 75,80,376 रुपये का संपत्ति कर बकाया था.

जब मनपा की टीम वहां जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची, तो कार्रवाई के दौरान ही संपत्ति धारक ने तुरंत 20 लाख रुपये का एक चेक मनपा अधिकारियों को सौंप दिया.

कार्रवाई में अधीक्षक संध्या जाखोरे के नेतृत्व में कर निरीक्षक संजय मलीक, जितेंद्र हिरणवार, वृशाली आगरकर, प्रसाद रेपे, आशीष लांडे, सचिन वैद्य और गुलशन मडावी शामिल थे.

# अवैध रूप से बनने वाली महुआ शराब के अड्डों पर आबकारी विभाग ने दबिश देकर की कार्यवाही



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,2 सितंबर,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध महुआ मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज 02 सितंबर 2026 को आबकारी वृत्त पांढुरना नगरीय सीमा से लगे ग्राम पीपलपानी, कोंढर एवं नीलकंठ ग्राम के आसपास नदी, नालों के किनारे अवैध रूप से बनने वाली महुआ शराब निर्माण के अड्डों पर आबकारी तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के आसपास पन्नियों एवं ड्रमों में हाथ भट्टी महुआ शराब के निर्माण के लिए एकत्रित लगभग 3000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।

महुआ लाहन का नियमानुसार सैंपल लेकर शेष लाहन को निर्मूल्य होने के कारण मौके पर ही विधिवत नष्ट किया गया। इसके साथ ही 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा अपने कब्जे में ली गई। उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। संयुक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुश्री भारती गौंड, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी एवं राजेश सिंघल, आबकारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र नागेश, वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल सहित आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा।

# 16 वर्षों तक कानूनी लड़ाई के बाद अंत : महिला कृषक को मिला पुश्तैनी खेत का कब्जा

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,2 सितंबर,** छिंदवाड़ा,सौसर,पांढुरना तथा दिल्ली के न्यायालय तक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अंतत्ग्राम राजना की महिला कृषक वच्छाबाई राऊत को उसकी पुश्तैनी खेत का कब्जा मिल गया, महिला कृषक की तरफ से अधिवक्ता सिद्धार्थ पाटील द्वारा पैरवी की गई थी। नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता सिद्धार्थ पाटील द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय सीमा से लगे ग्राम राजना निवासी कृषक महिला वच्छलाबाई राऊत द्वारा अपनी पुश्तैनी खेती जिसका रकबा नंबर 191/1,193/1,194/1,195/1,197/1,200/1, एवं 1207/1 कुल रकबा 3.1394 हेक्टेयर कृषि भूमि द्वारा अपनी इस कृषि भूमि पर कब्जे के लिए वर्ष 2011 से छिंदवाड़ा,सौसर,पांढुरना यहां तक की नई दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण के बाद अंतत्इस कृषि भूमि पर 1 सितंबर 2026 को उक्त महिला कृषक वच्छलाबाई राऊत को कब्जा दिलाया गया। अधिवक्ता श्री पाटिल द्वारा बताया कि ग्राम राजना की महिला कृषक श्रीमती वच्छला बाई राऊत द्वारा अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि के कृषि कर अपना तथा अपने परिजनों का भरण पोषण करना चाह रहीं थी,लेकिन इसके भाई तेजराम पिता लक्ष्मण डोबले अपनी बहन को यह कृषि भूमि नहीं देकर स्वयं ही कब्जा किए हुए था,जिसके बाद न्याय प्राप्ति के लिए उक्त महिला कृषक द्वारा वर्ष 2011 से कानूनी प्रक्रिया से इस पुश्तैनी खेत पर अपना हक करने लडाई शुरू कि गयी,इस दौरान उक्त महिला कृषक को सौसर,पांढुरना न्यायालय से कब्जा दिलाने के आदेश भी जारी किए गए थे,लेकिन उसके भाई तेजराम द्वारा बहन को पुश्तैनी खेती में हिस्सा नहीं देकर न्यायालय के इन निर्णयों पर उच्च न्यायालयों में अपील करते रहें,यहां तक की तेजराम डोबले द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एस.एल.पी.नंबर एस 6710/2206 प्रस्तुत की थी,लेकिन सुप्रीम न्यायालय द्वारा इस अपील को बीते 17 जुलाई 2026 को निरस्त कर महिला कृषक के समर्थन में फैसला दिया है। इस पूरे मामले में अधिवक्ता सिध्दार्थ पाटील द्वारा पैरवी कि गई थी।

# संतान की दीर्घायु के लिए हरछठ पर माताओं ने रखा व्रत

**बैतूल।** आमला नगर के जहवार वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को हरछठ (हलषष्ठी) का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने संतान की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। जवाहर वार्ड में यूथ कांग्रेस महासचिव संजोगी बर्थे की उपस्थिति में महिलाओं ने भगवान बलराम और माता पुष्टि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हरछठ व्रत में महिलाओं ने हल से जुती हुई जमीन से पैदा होने वाले अनाज का सेवन नहीं किया। व्रतधारियों ने पसई चावल, महुआ के पत्ते तथा भैंस के दूध-दही का उपयोग किया। महुआ के पत्तों और कांस की छड़ियों से पूजा-अर्चना के बाद माताओं ने बच्चों की पीठ पर पोई के पत्तों से थपकी देकर उन्हें बुरी नजर से बचाने की पारंपरिक रस्म निभाई। जवाहर वार्ड में पर्व के दौरान सामाजिक समरसता भी देखने को मिली। संजोगी बर्थे ने महिलाओं के साथ पूजन में शामिल होकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरछठ मातृशक्ति के समर्पण और समृद्ध भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। पूजा के बाद महिलाओं ने हरछठ माता की कथा सुनी, आरती की और बच्चों को दीर्घायु का आशीर्वाद देकर पसई चावल का प्रसाद वितरित किया।

# बडचिचोली पुलिस चौकी प्रभारी रवि बट्टी ने आज विधिवत पदभार ग्रहण किया

**नवभारत न्यूज,**
**बड़चिचोली,2 सितंबर,** जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश परिहार द्वारा जिले के कई चौकी प्रभारियों के किए गए स्थानांतरण के तहत बड़चिचोली पुलिस चौकी का प्रभार रवि वट्टी को दिया गया था,जिन्होंने आज पुलिस चौकी पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया।

उल्लेखनीय हो कि बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम बघेल का जिले के बाहर स्थानांतरण होने के बाद इस बड़चिचोली पुलिस चौकी का प्रभार सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय को दिया गया था,जिसका वे बीते लगभग तीन माह से सूचारू रूप से संचालन कर रहें है,वहीं जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश परिहार द्वारा जिले में बड़े स्तर पर किए गए स्थानांतरण के तहत सौसर थाने के पीपला नारायण वार में पदस्थ रवि बट्टी को बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी बनाने के जारी किए गए आदेश के बाद बुधवार को इन्होंने बड़चिचोली पुलिस चौकी पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया ।



# कलेक्टर-एसपी ने किया जिला जेल का किया निरीक्षण



**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवाणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बुधवार को जिला जेल बैतूल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला जेल के सभी कार्यालयों, गोदाम, पाकशाला एवं विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जेल की सभी बैरकों में पुलिस बल द्वारा सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान जेल में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं नियमानुसार एवं सुचारू पाई गईं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, एसडीओपी सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम, जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी, डीएसपी प्रभारी महिला सेल दुर्गेश आर्मो, थाना गंज बैतूल के टीआई नीरज पाल, एफएसएल बैतूल से टीआई आबिद खान तथा साइबर सेल सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपहार देकर दी विदाई

**पाथाखेड़ा।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड में 31 अगस्त को सेवाकाल पूर्ण करने वाले 11 कर्मचारियों के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और संस्था के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्हौरे सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था की प्रगति में कर्मचारियों की ईमानदारी, मेहनत और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त साथियों को उनके लंबे सेवाकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान मुन्नालाल बारंगे सहित 11 कर्मचारियों को शॉल, स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चेहरों पर भावुकता दिखाई दी।



# जिला अशासकीय स्कूल संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन

### चित्रसेन रबडे अध्यक्ष मनोनीत



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,2सितंबर,** जिले के अशासकीय विद्यालयों को एकजुट, संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में पांढुरना में एक महत्वपूर्ण पहल हुई। धनुष लॉन में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में जिला अशासकीय शाला संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पांढुरना एवं सौसर क्षेत्र के अशासकीय स्कूल संचालकों और प्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत छिंदवाड़ा अशासकीय शाला संघ के जिला सचिव मनीष तिवारी ने की। उन्होंने अशासकीय विद्यालय संचालकों की सामूहिक समस्याओं, बदलते शैक्षणिक परिदृश्य और विद्यालय हितों के लिए एक सशक्त संगठन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित प्रयासों के माध्यम से ही शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उचित मंच तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर छिंदवाड़ा अशासकीय शाला संघ के जिला अध्यक्ष आंतनु दास गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके पदाधिकारियों से अधिक उसके सदस्यों की एकजुटता, आपसी विश्वास और सक्रिय सहभागिता में निहित होती है। उनके मार्गदर्शन में पांढुरना जिला कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी में चित्रसेन रबड़े को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। अनिल वानोडे एवं श्रीमती ज्योति चौकसे उपाध्यक्ष, शाहिद शेख सचिव, रवि कोठेकर सहसचिव तथा निलेश ठाकरे कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। वहीं अशोक डोंगरे एवं श्रीमती माया राउत को सदस्य का दायित्व दिया गया। संगठन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए हर्षल काले एवं अमोल नंदेवार को मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता, हेमराज साहू को विधिक सलाहकार तथा निलेश खापरे को संगठन प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर सभी ने समन्वय तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवगठित संगठन के अध्यक्ष चित्रसेन रबड़े ने सभी शाला संचालकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी के विरोध में खड़ा होना नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से अशासकीय विद्यालयों के हितों को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने तथा संगठन को निरंतर सक्रिय और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सौसर विकासखंड अशासकीय शाला संघ के अध्यक्ष आशीष जैसवाल प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# गोटमार मेला परंपरा अनुसार होगा, गोफन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर





**नव भारत न्यूज**
**पांढुर्णा, 2 सितंबर,** गोटमार मेले के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर बुधवार को नगर के लक्ष्मी स्मृति भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने की। बैठक में दोनों पक्षों के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं पत्रकारों ने भाग लेकर मेले के आयोजन को लेकर अपने सुझाव दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने कहा कि गोटमार मेला परंपरा के अनुसार ही संपन्न कराया जाएगा, लेकिन गोफन चलाने वालों पर इस बार सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आपका जीवन आपके परिजनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं कीमती है। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षित रूप से गोटमार मेला मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि विभिन्न किवदंतियों एवं परंपराओं से जुड़ा प्रसिद्ध गोटमार मेला इस वर्ष 11 सितंबर 2026, शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन नगर के मध्य से प्रवाहित होने वाली जाम नदी के राधाकृष्ण मंदिर परिसर में होगा। मेले को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में नागरिकों ने सुझाव दिया कि मेले के दिन शराब की बिक्री पर रोक, मोटर वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने, मेला स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा गोफन के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में जिस प्रकार मेले का आयोजन होता आया है, उसी परंपरागत स्वरूप में आयोजन किया जाएगा। इसमें अनावश्यक रूप से कोई नया बदलाव लागू नहीं किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित रहे।

### *डॉक्टर और एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था*

*मेले के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर डॉक्टरों की व्यवस्था के साथ एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। प्रशासन द्वारा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।*

### *8 सितंबर को लगेगा साप्ताहिक बाजार*

*गोटमार मेला शुक्रवार को होने के कारण कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देश दिए कि मंगलवार, 8 सितंबर को साप्ताहिक बाजार आयोजित किया जाए। नगर पालिका द्वारा व्यापारियों एवं आमजन को इसकी सूचना देने के निर्देश दिए गए, ताकि मेले के दिन अतिरिक्त भीड़ एवं यातायात का दबाव कम रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, विधायक निलेश उइके, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, नगर पालिका सभापति उमेश उरकुड़े, प्रदीप जुननकर, विशाल जामसावली पदयात्रा समिति अध्यक्ष मनोज गुड़धे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।*

# विधायक ने किया स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारंभ



**बैतूल।** भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान ने बुधवार को भीमपुर विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्लौर के छः बिस्तरीय नवनिर्मित भवन का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री चौहान ने अपने कहा कि चिल्लौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या बीमार होने की स्थिति में तत्काल उपचार मिलने से उनकी जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चिल्लौर एक आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्र है, आस-पास के ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दामजीपुरा और चिल्लौर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को और विस्तृत बनाया जाएगा।

उन्होंने बाउंड्री वॉल बनाने के लिए विधायक निधि से राशि प्रदाय किए जाने की भी बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि चिल्लौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से आस-पास के 50 ग्राम के आमजन को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा।